**Fourteenth Loksabha**

**Session : 11**
**Date : 14-05-2007**

**Participants : Virendra Kumar Shri**

Title: Need to provide stoppage of Bhopal-Delhi Shatabadi Express at Bina Railway Station in Sagar, Madhya Pradesh.

**श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) :** महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर का बीना जंक्शन भौगोलिक, व्यापारिक एवं कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों के कारण काफी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। बीना को यहां के प्रसिद्ध शरबती गेहूं एवं कृषि येत्रों के निर्माण एवं विक्रय केंद्र के रूप में जाना जाता है। बीना में भारत पेट्रोलियम द्वारा बीना रिफाइनरी प्रारंभ की जा रही है, जिसका कार्य प्रारंभ हो गया है। बीना गुना रेलवे लाइन पर एनएफएल तथा एनटीपीसी सरीखी महत्वपूर्ण इकाइयां होने से इनके अधिकारी भी बीना से गाड़ी बदलकर गंतव्य स्थान को जाते हैं तथा देश विदेश के महत्वपूर्ण व्यक्ति भी इन संस्थानों से व्यापारिक संपर्क स्थापित करने बीना स्टेशन से ही तो हैं। बीना रिफाइनरी के अधिकारियों को बीना, दिल्ली, मुम्बई यात्रायें करनी पड़ती हैं। इन सभी की आवश्यकताओं को अनुभव करते हुए तथा लंबी अवधि से बीना सागर के निवासियों की मांग बीना स्टेशन पर भोपाल-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की जा रही है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बीना स्टेशन पर भोपाल-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस का स्टापेज शीघ्र किया जाये।